# रेड रिबन क्लब

## प्रतिवेदन

## 2023–24




**रेड रिबन क्लब**

**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय**

**उदयपुर (राज.)**

**सहयोग**

राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी निदेशालय,

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर (राज.)

# प्रतिवेदन

## सत्र 2023–24

## सहयोग

### राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी निदेशालय,

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर (राज.)

सत्र 2023–24 में राज. स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी जयपुर निर्देशन में कई विशिष्ट गतिविधियां आयोजित करवाई गई जिसमें राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय ने भी भाग लिया। इन विशिष्ट गतिविधियों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र को एड्स मुक्त करने का था।

महाविद्यालय स्तर पर सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. मीना बया के निर्देशन में रेड रिबन क्लब का गढन किया गया जिसमें कमेटी प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. बिन्दु कटारिया, डॉ. किरण टांक, सुश्री सपना मुडोतिया, श्री लादूलाल जाट को लिया गया।



सत्र पर्यन्त कई रोचक गतिविधियों का महाविद्यालय स्तर तथा राज्य स्तर पर आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



# सत्र 2023–24

| क्र.सं. | गतिविधि | दिनांक | भाग लेने वाली छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रेड रन प्रतियोगिता, मैराथन 5 KM (महाविद्यालय स्तरीय) | 05.09.2023 | 11 |
| 2 | रेड रन प्रतियोगिता राज्य स्तरीय मैराथन 5 KM | 21.09.2023 | 57 |
| 3 | ड्रामा रेड शो प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तरीय | 05.10.2023 | 08 |
| 4 | चार्ट प्रतियोगिता | 05.10.2023 | 8 |
| 5 | निबन्ध प्रतियोगिता | 05.10.2023 | 10 |
| 6 | स्लोगन प्रतियोगिता | 05.10.2023 | 6 |
| 7 | पुरस्कार वितरण समारोह | 05.10.2023 | |
| 8 | मेंहदी प्रतियोगिता | 29.11.2023 | 9 |
| 9 | ऑल द स्पॉट पेंटिग प्रतियोगिता | 29.11.2023 | 16 |
| 10 | रंगोली प्रतियोगिता | 29.11.2023 | 10 |
| 11 | एड्स जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला | 01.12.2023 | 50 |
| 12 | एड्स जागरूकता हेतु नुक्कड नाटक | 01.12.2023 | 09 |
| 13 | पुरस्कार वितरण समारोह | 01.12.2023 | |

रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में वर्ष पर्यन्त एड्स जागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन करने हेतु समिति द्वारा 100 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया।

सर्वप्रथम दिनांक 05.09.2023 को महाविद्यालय स्तर पर ''रेड रन'' मैराथन 5 किलोमीटर का आयोजन राजीव गॉधी उद्यान से फतेहसागर के देवाली छोर तक रखा गया जिसमें 11 छात्राओं ने भाग लिया। इसमे प्रथम स्थान सॉवर कॅवर, द्वितीय रेखा कुमारी मीणा, तृतीय स्थान दीपिका सालवी ने प्राप्त किया।



दिनांक 21.09.2023 को पुनः फतेहसागर पर एड्स जागरूकता हेतु ''राज्य स्तरीय रेड रन, मैराथन'' 5 किलोमीटर प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें प्रदेश भर से आए हुए चयनित छात्र छात्राओं तथा मीरा कन्या महाविद्यालय की 57 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की रेखा कुमारी मीणा, ने पॉचवा स्थान प्राप्त किया।




इस मैराथन में भाग लेने वाली समस्त 57 छात्राओं को राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा प्रमाण पत्र, रेड कैप, टी शर्ट भी प्रदान किये गये।



दिनांक 05.10.2023 को महाविद्यालय में रेड शो का आयोजन किया गया जिसमें तीन समूहों ने भाग लिया इसका उद्वेश्य एड्स बचाव, भ्रान्तियां, जागरूकता था। इसमें प्रथम आने वाले समूह को पुरस्कृत किया गया। इस प्रथम आने वाले ड्रामा समूह को पुनः डॉ.पी.सी. जैन, तथा प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन द्वारा नुक्कड नाटक हेतु निर्देशन दिया गया। इस चयनित समूह को 1 दिसम्बर 2023 विश्व एड्स दिवस पर किये जाने वाले नुक्कड़ नाटक हेतु तैयार किया गया। महाविद्यालय में दिनांक 05.10.2023 को निबन्ध, चार्ट, स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें 24 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रोचक तरीके से एड्स के प्रति सावधान होने का संदेश दिया।



इन समस्त गतिविधियों के सफल आयोजन के बाद वर्ष के मध्य में दिनांक 29.11.2023 को विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया ने छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार वितरित करके, एड्स जागरूकता जैसे समाज सेवा के पवित्र कार्य हेतु प्रेरित करने वाला भाषण दिया।



दिनांक 29.11.2023 को कई रोचक एड्स जागरूकता प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया जिसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया, ऑन द स्पॉट पेंटिग प्रतियोगिता में प्रथम अरिशा चिश्ती, निकिता सुथार, द्वितीय प्रिया कुमावत, तृतीय अनुरंजनी, रिद्दि गोयल रही।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सोनिया मीणा, द्वितीय मुबश्शिरा, तृतीय मुन्ना कुमारी मीणा रही।



मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम मीनल सुथार, द्वितीय प्रियंका पूर्बिया तथा तृतीय आईन शेख रही।



अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर छात्राओं ने एड्स जागरूकता हेतु मानव श्रृखंला बनाई जिसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया तथा रोग के प्रति स्वयं जागरूक रहने व फैलाने की शपथ भी ली।



इसी अवसर पर दिनांक 01.12.2023 को महाविद्यालय उद्यान में नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम, वरिष्ठ संकाय सदस्य तथा छात्रासंघ अधिष्ठाता डॉ. मंजु बारूपाल तथा सहायक निदेशक डॉ. श्याम कुमावत मौजूद रहे।





इसी दिन प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम द्वारा अन्य गतिविधियों में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। छात्राओं को मैडम ने अपने भाषण द्वारा प्रेरित किया। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन को उत्कृष्ट एड्स जागरूकता कार्यक्रमों हेतु राज्य स्तरीय अवॉर्ड से नवाजा गया। ये अवार्ड जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रोग्राम में राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा दिया गया।






सत्र पर्यन्त चलने वाली रेड रिबन क्लब की गतिविधियों के सफल संचालन में प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन ने निर्देशित किया तथा समिति सदस्यों डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. किरण टॉक, डॉ. बिन्दु कटारिया, सपना मुडोतिया ने सहयोग किया।



# एड्स जागरूकता को लेकर प्रतियोगिताएं आयोजित

**उदयपुर.** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में प्राचार्य प्रो.अंजना गौतम के निर्देशन में रंगोली, मेहंदी व ऑन द स्पॉट पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय एड्स जागरूकता रखा गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। रंगोली प्रतियोगिता में सोनिया कुमारी मीना, मेहंदी प्रतियोगिता में मीनल सुथार, ऑन द स्पॉट पेंटिंग्स प्रतियोगिता में अरिशा चिश्ती एवं निकिता सुथार प्रथम स्थान पर रहीं। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. रेहाना परवीन, प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. किरण टांक एवं सहा. आचार्य सपना आदि की मौजूदगी रही।

#RedRun राज्यस्तरीय आयोजन में 450 प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

# घातक बीमारियों पर जागरूकता के लिए रेड रन में दौड़े युवा

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com



घातक रोगों के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई मैराथन में भाग लेते प्रतिभागी। पत्रिका

उदयपुर . मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर की ओर से राज्यस्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीस जिलों से 45 महाविद्यालयों के 450 प्रतिभागियों ने मैराथन में भाग लिया।

मुख्य अतिथि सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सीआर सुथार, राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के डॉ प्रदीप चौधरी, गरिमा भाटी थे। रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ पीएस राजपूत ने बताया कि एड्स जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता एवं रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकार कार्यों को बढ़ाने के लिए ये प्रतियोगिता हुई। प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 8 अक्टूबर को गोवा में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की मैराथन में भाग लेंगे। ये मैराथन महाकालेश्वर मंदिर से रानी रोड होते हुए फतहसागर पाल पर समाप्त हुई। इसमें छात्र वर्ग में अविनाश गुप्ता जयपुर प्रथम, अर्जुन नाथ द्वितीय सरदारशहर, प्रवीण कुमार तृतीय, छात्रा वर्ग में प्रथम राजू शर्मा सरदारशहर, ज्योति कंवर द्वितीय जयपुर एवं विशाखा जांगिड़ तृतीय जयपुर रही। विजेता धावकों को प्रो पंदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगीत विभाग की डॉ.पामिल मोदी, डॉ नईम, डॉ रिहाना डॉ राजाराम भाट, नवीन छापरवाल, जितेंद्र सुहालका, जितेंद्र मेघवाल, श्रवन श्रीमाली, कावेरी जोशी आदि उपस्थिति रहे।

को सम्मानित किया गया।

# पेंटिंग व मेहंदी स्पर्धाओं के जरिये एड्स के प्रति किया जागरूक

उदयपुर| राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में बुधवार को रेड रिबन क्लब की ओर से पेंटिंग, रंगोली व मेहंदी स्पर्धा हुई। स्पर्धाओं के माध्यम से एड्स को लेकर आमजन को जागरूक किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सोनिया कुमारी मीणा, मेहंदी में मीनल सुथार एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग्स में अरिशा चिश्ती एवं निकिता सुथार पहले स्थान पर रहीं। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. रेहाना परवीन, प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. किरण टांक आदि मौजूद रहीं।

# दैनिक नवज्योति

Udaipur City - 22 Sep 2023 - Page 6

## एड्स जागरूकता पर मैराथन में दिखाया उत्साह




**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विवि के रेड रिबन क्लब एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर द्वारा राज्य स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैराथन में 20 जिलों से 45 महाविद्यालयों के 450 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सीआर सुथार, डॉ प्रदीप चौधरी गरिमा भाटी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. पीएस राजपूत ने बताया कि एड्स जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता एवं रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकार कार्यों को बढ़ाने के लिए इसका आयोजन हुआ। प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 8 अक्टूबर 2023 को गोवा में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की मैराथन में भाग लेंगे। रानी रोड से शुरू हुई मैराथन फतहसागर की पाल पर समाप्त हुई। छात्र वर्ग में अविनाश गुप्ता जयपुर प्रथम, अर्जुन नाथ सरदार शहर द्वितीय व प्रवीण कुमार तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में राजू शर्मा पहले, ज्योति कंवर दूसरे व विशाखा जांगिड़ तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में एमजी कॉलेज की 52 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ. मीना बया व प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन ने आयोजन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया

**उदयपुर।** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड जीवन क्लब के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक किया। इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, कुरीतियों एवं भ्रांतियों का सामना करना, एड्स निवारण और सोच को विकसित करना रहा।

रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने पुरस्कृत किया। बताया कि रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन को राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर राजस्थान की ओर से विश्व एड्स दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रसंघ अधिष्ठाता प्रो. मंजू बारुपाल, रेड रिबन क्लब सदस्य प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. किरण टांक, प्रो. बिंदू कटारिया, सहा. आचार्य सपना आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



**उदयपुर।** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड जीवन क्लब के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं ने कॉलेज परिसर में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, कुरीतियों एवं भ्रांतियों का सामना करना, एड्स निवारण और सोच को विकसित करना था। इस दौरान प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य प्रो.अंजना गौतम ने पुरस्कृत किया। अभिभाषण में बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करके जागरूकता द्वारा ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। साथ ही छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर संदेश दिया तथा शपथ ली गई। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. रिहाना परवीन, छात्रसंघ अधिष्ठाता प्रो.मंजु बारुपाल, क्लब सदस्य प्रो.सुनीता शर्मा, प्रो.किरण टांक, प्रो. बिन्दु कटारिया एवं सहआचार्य सपना आदि मौजूद थे।